पुनर्वास विवि : समर्थ पोर्टल पर भरे जाएंगे सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने समर्थ पोर्टल पर परीक्षा फॉर्म भरे जाने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिए हैं। इसके लिए विवि की वेबसाइट dsmru.up.nic.in पर लिंक जारी किया गया है।

विश्वविद्यालय ने जारी किया वेबसाइट का लिंक

पुनर्वास विवि के सभी विद्यार्थी आगामी विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए इसी लिंक के माध्यम से अपना फॉर्म भर सकेंगे। फॉर्म भरने के लिए छात्र-छात्राओं को अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड का प्रयोग करना होगा। किसी तरह की समस्या आने पर विद्यार्थी परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि परीक्षा संबंधी समस्त कार्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही संपन्न किए जाने हैं, इसलिए हमारी तैयारियां अभी शुरू हो गई हैं। अगले सप्ताह तक विवि में होनी वाली सभी विभागों की मिडटर्म परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। (संवाद)

पानी जमा न होने दें।

अंतरराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स और आर्थोटिक्स पर हुआ सेमिनार

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागी।

अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः शारीरिक दिव्यांगता व शारीरिक विकृतियों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराने के लिए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिव्यांगता के प्रारंभिक लक्षणों को पहचान कर उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रकार आर्थोटिक्स व प्रोस्थेटिक्स की सुविधाओं के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में आयोजित हुई कार्यशाला में

» कृत्रिम अंगों से लेकर दिव्यांगता के लक्षणों पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक व ऑर्थोटिक्स दिवस के अवसर पर वक्ताओं ने विभिन्न प्रकार की जानकारियां साझा की जिसमें जेनु वैल्गम, धनुर्जानु, फुटफ्लैट, एलएलडी, सेरेब्रल पाल्सी, टेलिप्स इक्विनस, बाउटोनीयर, क्यूबिटस वैल्गस, फुट फ्लैट, सीटीईवी स्पाइनल कॉर्ड इंजरी जैसी विकृतियों और आनुवंशिक बीमारियों पर व्यापक जानकारी दी।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. वीके सिंह, डॉ. अमित कुमार राय, अनिल कुमार मिश्र, डॉ. रणजीत कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद क्विज़ प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 2000 बच्चों का परीक्षण किया गया। उसके उपरांत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सुधा चंद्रन के जीवन पर नाट्य कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

आर्थोटिक्स दिवस पर रोगियों को कृत्रिम अंग के साथ दिए उपहार

अंतरराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स दिवस पर रोगियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के साथ उपहार दिए गए • **सौजन्य से विश्वविद्यालय**

जागरण संवाददाता • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग पुनर्वास केंद्र के सभागार में अंतरराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक एवं आर्थोटिक्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्विज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई, जिसमें छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलसचिव रोहित सिंह, डीन एकेडमिक्स प्रो. वीके सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय एवं उप कुलसचिव अनिल कुमार मिश्र ने किया। उन्होंने विभिन्न जनपदों से आए भिन्न-भिन्न प्रकार के रोगियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के साथ उपहार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल हुए प्राथमिक विद्यालयों व इंटर कालेज इंटर कालेज के प्रधानाचार्य को भी सम्मानित किया। केंद्र के कार्यशाला प्रबंधक डा. रणजीत कुमार ने अंतरराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक एवं आर्थोटिक्स दिवस पर 15 दिनों से हो रहे कार्यों के बारे में बताया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सुधा चंद्रन के जीवन पर नाट्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

गए और उन्हें दोबारा से गलती नहीं करने को लेकर जागरूक किया गया है।

प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक्स दिवस मनाया

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक्स दिवस मनाया गया। कार्यशाला प्रबंधक डॉ. रणजीत कुमार ने बताया कि शुरुआती लक्षणों को पहचान कर उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। जिससे समय से उपचार देकर दिव्यांगता दर में कमी लाई जा सके।

हॉस्टल आवेदन के लिए आज लास्ट चांस

डॉ. शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी ने बढ़ाई डेट

LUCKNOW (7 NOV): डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास यूनिवर्सिटी ने मेल हॉस्टल में पूर्व से आवासित सभी दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग (अंत:वासी) छात्रों के लिए हॉस्टल आवेदन की डेट आठ नवंबर तक बढ़ा दी है. अभी तक जिन छात्रों ने आवेदन नहीं किया है, उन्हें आफलाइन फार्म के साथ सभी अभिलेख एवं प्रमाण पत्र लगाकर छात्रावास कार्यालय में फार्म भरकर बैंक चालान रसीद प्राप्त करना सुनिश्चित करें.

फार्म का प्रारूप वेबसाइट पर

फार्म का प्रारूप वेबसाइट पर अपलोड है. चीफ प्रोवोस्ट प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार तय डेट तक फार्म जमा करने पर छात्र का रूम खाली मानकर नव प्रवेशित छात्र को आवंटित किया जाएगा.

11 तक जमा करें शोध प्रबंध

यूनिवर्सिटी के श्रवणबाधित विभाग ने एमएड विशेष शिक्षा एचआई चौथे सेमेस्टर के शोध प्रबंध में बेक पेपर वाले विद्यार्थियों को शोध प्रबंध जमा करने के लिए 11 नवंबर को सुबह 11 बजे तक फिर मौका दिया है. दोपहर 12 बजे से प्रयोगात्मक परीक्षा होगी. विभागाध्यक्ष डा. कौशल शर्मा ने इसकी सूचना जारी की है.